<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय की 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2023–24</u>

पन्तनगर। 25 अप्रैल 2024। विश्वविद्यालय के सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय की 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता (एथलेटिक मीट) का आयोजन शारीरिक शिक्षा अनुभाग में 26 से 28 अप्रैल, 2024 तक किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा 26 अप्रैल, 2024 को सायं 4:00 बजे किया जायेगा।

उद्घाटन समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की समस्त छात्रावासों की टीमें मार्च पास्ट करेगी, जिनका नेतृत्व 31वीं वाहिनी पी.ए.सी. द्वारा किया जायेगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात् उक्त आयोजन की प्रतिस्पर्धाएं होगी। उक्त तीन–दिवसीय मीट में पुरूष वर्ग की 18 प्रतिस्पर्धाओं एवं महिला वर्ग की 13 स्पर्धाओं का आयोजन किया जायेगा। विश्वविद्यालय की समस्त विद्यार्थियों के उक्त आयोजन में प्रतिभाग करने हेतु सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार 26 से 28 अप्रैल, 2024 तक विश्वविद्यालय की समस्त कक्षाएं संचालित नहीं की जायेगी।